Literacy rate in Punjab

5083. SHRI IQBAL SINGH ; Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) the progress made under literacy pragrammes io the country particularly in Punjab during the last three years ;

(b) the details thereof in this respect State-wise and U.T.-wise;

(c) whether Punjab has a lower literacy rate amoag other states;

(d) if so, the details thereof and reasons therefor; and

(e) the steps taken by Government with regard to reducing the illiteracy in the state ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA) : *(a)* and (b) A statement showinig State-wise number of persons made literate under the National literacy Mission is attached as Annexure. *[See* Appendix 170, Annexmt No. 99].

(c) No, Sir. As against the National Literaoy rate of 52.21% Punjab has literacy rate of 57.1% according to 1991 censaia.

(d) Does not arise.

(e) Universalisation of Elementary Education, Non-Formal Education for school drop-outs and Adult Education programmes under National Literacy Mission constitute the three pronged strategy to reduct illiteracy.

इलाहाबाद विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिए जाने के लिए अनुवर्ती कार्यवाही

5084. श्री रुद्र प्रकाश मालवीय : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री 18 मार्च, 1994 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न संख्या 288 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इलाहाबाद विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिए जाने के संबंध में गैरअनैतर उद्देश्य के मौजूदा स्तर का मूल्यांकन करने हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नियुक्त समिति की टिप्पणियों को उत्तर प्रदेश सरकार के पास कब भेजा गया था; और

(ख) उत्तर प्रदेश सरकार से उसका उत्तर मंगाने के लिए तत्पश्चात् कितने अनुस्मारक भेजे गए और वे किस-किस तारीख को भेजे गए थे ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) इलाहाबाद विश्वविद्यालय के गैरअनैतर उद्देश्य के मापदंड स्तर के निर्धारण के लिए गठित समिति की रिपोर्ट 21 दिसम्बर, 1993 को टिप्पणियों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को भेज दी गई थी। अपेक्षित टिप्पणियां भेजने के लिए राज्य सरकार को 17 और 31 जनवरी, 21 फरवरी, 15 और 28 मार्च तथा 25 अप्रैल, 1994 को स्मरण कराया गया, परन्तु टिप्पणियां अभी तक प्राप्त नहीं हुई हैं।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में उर्दू तथा फारसी भाषाएं पढ़ाया जाना

5085. श्री जनार्दन यादव : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में उर्दू तथा फारसी भाषाओं और इसी तरह के अन्य विषयों की पढ़ाई कराये जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास है;

(ख) यदि हां, तो इस प्रस्ताव को कब तक लागू किया जायेगा; और

(ग) यदि नहीं, तो सरकार इस प्रस्ताव पर क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (ग) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय द्वारा भेजी गई सूचनानुसार, पहले से ही भारतीय भाषा केन्द्र, विश्वविद्यालय के भाषा स्कूल में हिन्दी के साथ-साथ उर्दू भी पढ़ाई जाती है जबकि अफ्रीकी और एशियाई भाषा केन्द्र में विदेशी भाषा के रूप में पश्तो, अरबी और भाषा इण्डोनेशिया के साथ-साथ फारसी भी पढ़ाई जाती है ।

विश्वविद्यालय ने आगे यह भी सूचित किया है कि जब भी संस्कृत, तमिल और बंगला पढ़ाने के लिए सुविधाएं उपलब्ध होंगी और विस्तार के लिए और अधिक संसाधन उपलब्ध होंगे, ये पाठ्यक्रम शुरू कर दिए जाएंगे ।

बिहार के संथाल परगना क्षेत्रों में खेलकूद प्रशिक्षण संस्थान

5086. **श्री जनार्दन यादव** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार बिहार में छोटा नागपुर की ही तरह संथाल परगना क्षेत्र में आदिवासी बालक-बालिकाओं के लिए खेलकूद प्रशिक्षण संस्थान खोलने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो किस स्थान पर; और

(ग) यदि नहीं, तो इन आदिवासी बालक-बालिकाओं के समुचित विकास के लिए सरकार की योजनाओं का ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (युवा कार्य और खेल विभाग) में राज्य मंत्री (श्री मुकुल वासनिक) : (क) जी, नहीं ।

(ख) लागू नहीं ।

(ग) भारत सरकार की अपनाये गये स्कूल विशेष क्षेत्र खेल (एस. ए. जी.) योजना और खेल परियोजना विकास क्षेत्र (एस. पी. डी.ए.) योजना जैसी योजनाएं हैं जिसके अंतर्गत आदिवासी, तटीय, पहाड़ी और देश के दूर-दराज क्षेत्रों से खेल प्रतिभा का पता लगाया जाता है और आधुनिक प्रतियोगी खेलों में प्रशिक्षित किया जाता है । ऐसे केन्द्र छोटा नागपुर में गुमला और रांची में कार्य कर रहे हैं । ये केन्द्र संथाल परगना के भी आदिवासी बच्चों की देखभाल कर सकते हैं ।

सिंधी भाषा का विकास

5087. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1993-94 के दौरान सिंधी भाषा के विकास के लिए सरकार की क्या योजनाएं थीं; और

(ख) वर्ष 1992-93 के दौरान इस संबंध में क्या कदम उठाए गए थे ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) वर्ष 1992-93 और 1993-94 के दौरान सिंधी के विकास के कार्यक्रमों, सिंधी पुस्तकों की खरीद और सिंधी लेखकों को पुरस्कार प्रदान करने संबंधी कार्यक्रमों के वित्त पोषण की योजना को जारी रखने के अलावा, सरकार ने सिंधी भाषा की प्रोन्नति और विकास के लिए इंदौर में सिंधी विकास बोर्ड स्थापित करने का निर्णय लिया है ।

केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को सहायता

5088. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :